RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : शनिवार 30 मार्च 2024 वर्ष 05 अंक 338 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 4 कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# मनपा को तीसरी बार टेंडर की तारीख बढ़ानी पड़ी

## कचरा उठाने के लिए नहीं मिल रहा ठेकेदार...

**मुंबई। मनपा प्रशासन ने झोपड़ पट्टी से कचरा उठाने के लिए एक ठेकेदार को नियुक्त करने का निर्णय लिया था। ठेकेदार पर झोपड़ पट्टी की सफाई करने से लेकर कचरा डंपिंग ग्राउंड तक ले जाने की जिम्मेदारी उसी पर रहेगी इस तरह का निर्णय लिया गया था। मनपा ने चुनाव आचार संहिता लगने के पूर्व 1400 करोड़ का टेंडर निकाला। यह टेंडर चार साल के लिए निकाला गया था।**



मनपा के इस निर्णय का सफाई कर्मचारी यूनियन विरोध कर रही है। यूनियन का विरोध तो दूर की बात मनपा को ठेकेदार भी नहीं मिल रहा है । मनपा को तीसरी बार टेंडर की तारीख बढ़ानी पड़ी है। मनपा ने अब 3 अप्रैल की तारीख बढ़ाई है ठेकेदारों को निविदा भरने की। तीसरी बार भी कोई ठेकेदार टेंडर नही भरा तो मनपा को टेंडर रद्द करना पड़ेगा।

बता दे कि आदर्श आचार संहिता लागू होने से कुछ दिन पहले मनपा ने मुंबई के झुग्गी-झोपड़ियों की व्यापक सफाई के लिए एकमात्र एजेंसी को नियुक्त करने के उद्देश्य से 1400 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया। मनपा के टेंडर अनुसार 7 मार्च तक टेंडर भरा जाना था। लेकिन कोई ठेकेदार आगे नही आया । मनपा ने 16 मार्च तक समय सीमा बढ़ाई । प्रारंभिक समय सीमा के बाद भी कोई ठेकेदार आगे नही आया इसके बाद मनपा ने 16 मार्च और अब 26 मार्च को समय सीमा बढ़ाई जिसकी अंतिम तारीख 3 अप्रैल है। संभावित बोलीदाताओं के लिए 13 करोड़ रुपये की भारी बयाना राशि (ईएमडी) की आवश्यकता को एक बाधा के रूप में माना जा रहा है। इसी के चलते कोई ठेकेदार आगे नही आया। एक बोलीदाता जिसने शुरू में रुचि व्यक्त की थी, वह भी अब पीछे हट गया है। योजना के बारे में बताते हुए एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि, चूंकि शहर की एक बड़ी आबादी झुग्गी-झोपड़ियों में रहती है, इसलिए यह आवश्यक पाया गया कि इन क्षेत्रों से कचरा ठीक से एकत्र किया जाए और उसका निपटान किया जाए। अधिकारी ने कहा, "नियुक्त एजेंसी से उम्मीद की जाती है कि वह झुग्गी-झोपड़ियों की पूरी सफाई पर ध्यान दे, न कि केवल घर-घर से कचरा इकट्ठा करे। इसी के

### मनपा के निर्णय का सफाई कर्मचारी यूनियन कर रही विरोध

चलते एक ठेकेदार को नियुक्त करने का निर्णय लिया गया जिससे ठेकेदार पर ज़िम्मेदारी डाली जा सके। झोपड़ पट्टी से कचरा की सफाई ठीक से नहीं होना मनपा का स्वच्छता में रैंकिंग गिरना भी माना जा रहा है। इस साल की शुरूआत में 11 जनवरी को घोषित स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के नवीनतम परिणामों ने मुंबई की स्वच्छता रैंकिंग में गिरावट हुई थी। मुंबई 12 मिलियन से अधिक की अनुमानित आबादी वाला यह शहर दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में 31वें स्थान से 37वें स्थान पर खिसक गया था। मनपा के एक ठेकेदार की नियुक्ति के निर्णय का सफाई कर्मचारी यूनियन ने विरोध कर रही है।

# एमवीए में दरार !

## महाराष्ट्र 6 सीट पर दोस्ताना मुकाबला करना चाहती है कांग्रेस



**मुंबई :** कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के नेता नसीम खान ने शुक्रवार को कहा कि शिवसेना (यूबीटी) के एकपक्षीय तरीके से उम्मीदवारों की घोषणा करने से उनके पार्टी कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए हैं और इसलिए प्रदेश इकाई छह लोकसभा क्षेत्रों में 'दोस्ताना मुकाबला' करना चाहती है। विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) में कांग्रेस, उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना (यूबीटी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) शामिल है।

खान ने कहा, हमने आज बैठक की और केंद्रीय नेतृत्व को यह बताने का निर्णय लिया कि छह सीट पर हमारा दोस्ताना मुकाबला है जिनमें सांगली, मुंबई दक्षिण मध्य, मुंबई उत्तर पश्चिम और कुछ अन्य सीट शामिल हैं। शिवसेना (यूबीटी) ने कांग्रेस की दावेदारी वाली सीट पर जिस तरीके से अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है उससे हमारे पार्टी कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए हैं। शिवसेना (यूबीटी) ने सांगली, मुंबई दक्षिण मध्य, मुंबई उत्तर पश्चिम सीट से अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है, जबकि राकांपा (एसपी) भिवंडी पर दावा जता रही है।

# मालाड इलाके के सब्जी मार्किट में चला चाकू...

## पुलिस ने दर्ज की एफआईआर



**मुंबई :** मालाड इलाके के सब्जी मार्किट में उस वक्त चाकू निकल गया जब सब्जी उतारने को लेकर दो गुटों के बीच झगड़ा शुरू हुआ। हालांकि मौके पर पहुंचकर पुलिस ने माहौल संभाल लिया और अनहोनी होते होते राह गई। पयलिस ने संबंधित मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मालाड पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 323,504,506(2) और 34 के तहत एफआईआर दर्ज कर उन्हें 41 ए के तहत एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। शिकायतकर्ता और आरोपी सब्जी विक्रेता हैं। शुक्रवार की सुबह करीब 5:00 बजे जब सब्जी की गाड़ियां आनंद रोड, मलाड रेलवे स्टेशन के सामने पहुंची तो खलासी द्वारा सब्जी उतारने की बात पर झगड़ा हो गया। इनमें मोंटू सिंह ने अपने हाथ में सब्जी काटने वाला चाकू शिकायतकर्ता को दिखाया। उस समय उसके भाई केतन ने शिकायतकर्ता लोरिक यादव को यह चाकू तेरे पेट में डाल के तेरी जान ले लूंगा कहकर जान से मारने की धमकी दी थी। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसके बाद पुलिस ने मामले में शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज किया गया। मामले की अधिक जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री शिवराज पाटिल की बहू बीजेपी में होंगी शामिल...

## महाराष्ट्र में कांग्रेस को बड़ा झटका!

**मुंबई :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल की बहू अर्चना पाटिल चाकूरकर ने बीजेपी नेता और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की है. उनके कल मुंबई में बीजेपी में शामिल होने की संभावना है. राज्यसभा सांसद अशोक चव्हाण के हस्तक्षेप से एक और कांग्रेस नेता बीजेपी में शामिल हो सकती हैं. मराठवाड़ा के नेता अशोक चव्हाण के बीजेपी में शामिल होने के बाद मराठवाड़ा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में बेचैनी है. इस मुद्दे पर अभी तक चाकूरकर की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी है. खबर है कि हाल ही में कांग्रेस से बीजेपी में शामिल हुए अशोक चव्हाण ने उनकी पार्टी में एंट्री के लिए मध्यस्थता की थी.



पांच साल पहले, डॉ. अर्चना चाकूरकर बीजेपी में शामिल होने वाली थीं. लेकिन किन्हीं कारणों से उन्होंने इनकार कर दिया. लेकिन इस बार उनके ससुर पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल चाकूरकर के बेटे पूर्व विधायक बसवराज पाटिल बीजेपी में शामिल हो गए हैं. इससे पहले अशोक चव्हाण भी बीजेपी में शामिल हो चुके हैं. महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव से पहले पहले कांग्रेस को एक के बाद एक बड़ा झटका लग रहा है. इससे पहले भी कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है. महाराष्ट्र के वरिष्ठ नेता और दो बार मुख्यमंत्री रहे अशोक चव्हाण ने फरवरी 2024 में आधिकारिक तौर पर पार्टी छोड़ दी. उनका इस्तीफा महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण झटका था. इसके बाद चव्हाण ने बीजेपी में एंट्री ले ली.

**मिलिंद देवड़ा ने छोड़ी पार्टी**

पूर्व सांसद मिलिंद देवड़ा ने जनवरी 2024 में पार्टी से इस्तीफा दे दिया, जिससे उनके परिवार का पार्टी के साथ 55 साल का जुड़ाव खत्म हो गया. वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए.

# विदेशी डाक से भेजी गई दवाएं, 1 गिरफ्तार



**मुंबई :** विशेष डाक खुफिया शाखा ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और एक ऐसे रैकेट का खुलासा किया है जिसमें डाक के माध्यम से विदेशों से तस्करी का सामान आयात किया जा रहा था। एजेंसी ने हशीश/कैनबिस रेजिन वाली आठ बोतलें बरामद की हैं जिनका कुल वजन 649 ग्राम और 4.8 किलोग्राम मारिजुआना पौधा है। सूत्रों के मुताबिक, एक पैकेट जो आयातित था। एसएस जोशी के नाम पर विदेशी डाकघर (एफपीओ), मुंबई के माध्यम से 13 मार्च को जांच की गई, जिसके परिणामस्वरूप भूरे पीले अर्ध-ठोस पदार्थ वाली आठ बोतलें बरामद हुईं, जिन्हें हशीश / कैनबिस कहा जाता है।एक डमी पार्सल बनाया गया और 26 मार्च को पुणे में नियंत्रित डिलीवरी का प्रयास किया गया।

# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## महिलाओं का प्रतिनिधित्व

आगामी संसदीय चुनाव प्रचार अभियान में महिलाएं केंद्रीय भूमिकाओं में नजर आ रही हैं। हर राजनीतिक दल महिलाओं को लेकर चुनावी वादे कर रहा है जो देश के कुल 96.8 करोड़ मतदाताओं में करीब आधी हैं। सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस लगातार महिला मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए एक किस्म की होड़ में नजर आए हैं। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने जहां महिलाओं पर केंद्रित व्यापक स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य कार्यक्रमों की शुरूआत की है, वहीं कांग्रेस ने नारी न्याय योजना की पेशकश की है जिसके तहत महिलाओं के बैंक खातों में एक लाख रुपये डाले जाएंगे और केंद्र सरकार की सभी नौकरियों में उन्हें 50 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। ऐसे बढ़ाचढ़ाकर किए गए वादे किस हद तक पूरे हो सकते हैं यह एक बड़ा सवाल है लेकिन यह देखना विचित्र है कि सभी दल राजनीतिक बयानबाजी में इतने आगे निकल चुके हैं। पिछले वर्ष संसद के विशेष सत्र में 106वां संशोधन अधिनियम पारित होने के बाद यह विषय खासतौर पर विवादास्पद हो गया है। इसे महिला आरक्षण विधेयक के नाम से जाना जाता है जिसके तहत 15 वर्षों तक महिलाओं को संसद में 33 फीसदी आरक्षण देने की बात कही गई है। चूंकि यह प्रावधान परिसीमन के बाद लागू होगा इसलिए सभी राजनीतिक दलों के पास पर्याप्त समय है कि वे इसके लिए अपनी चुनावी सूची तैयार कर सकें। इसके बावजूद राजनीतिक दल महिलाओं के मुद्दों पर दिखावा ही करते हैं और इसकी एक बानगी यह है कि किसी प्रमुख राजनीतिक दल ने अपनी पार्टी उम्मीदवारों की सूची में अब तक महिलाओं को समुचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया है।

इस होड़ में भाजपा आगे है और 25 मार्च तक उसने जितने उम्मीदवार घोषित किए हैं उनमें 17 फीसदी महिलाएं हैं। अब तक 66 महिला उम्मीदवारों के साथ पार्टी ने लैंगिक आधार पर अपना प्रदर्शन सुधारा है। साल 2014 में उसके 428 उम्मीदवारों में से 38 महिलाएं थीं, 2019 में यह आंकड़ा सुधरकर 436 में से 55 हुआ। कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची बताती है कि उसने अब तक 12 फीसदी महिलाओं को टिकट दिया है। सबसे अधिक चकित करने वाली सूची तृणमूल कांग्रेस की है। पार्टी ने पश्चिम बंगाल की 42 सीटों में से 12 पर महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है। बहरहाल, कुल मिलाकर भले ही आंकड़े हतोत्साहित करने वाले हों लेकिन ये 2019 के आम चुनाव की तुलना में बेहतर रहने वाले हैं जब कुल प्रत्याशियों में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल 9 फीसदी थी। पिछली लोक सभा में 78 महिलाएं चुन कर आई थीं जो कुल सदस्यों का 14.3 फीसदी था। इसके बावजूद यह देश के आम चुनावों के इतिहास में महिलाओं की सबसे बड़ी संख्या थी। चरणबद्ध तरीके से हो रहा स्थिर सुधार उत्साहित करने वाला है लेकिन ये आंकड़े बताते हैं कि महिला आरक्षण कानून लागू होने के बाद राजनीतिक दलों को तेजी से प्रयास करने होंगे। इंटर-पार्लियामेंटरी यूनियन (आईपीयू) के अनुसार फिलहाल भारत संसद में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के 26.9 फीसदी के वैश्विक औसत से काफी पीछे है। आईपीयू की संसद में महिलाओं की हिस्सेदारी की ताजा मासिक वैश्विक रैंकिंग में भारत 184 देशों में से 144वें स्थान पर है। कॉर्पोरेट बोर्ड में महिलाओं का प्रतिनिधित्व हालांकि कम है लेकिन इसमें सुधार हुआ है। 2019 के 15 फीसदी के बजाय अब 20 फीसदी महिलाएं कंपनियों के बोर्ड में हैं।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalrokthok




# ट्रेन में सेल्फी वीडियो की वजह से खुल गया एक शख्स की मौत का राज, चोर पकड़ा गया

**कल्याण :** महाराष्ट्र के कल्याण में चलती ट्रेन में यात्री के फोन में एक चोर की तस्वीर कैद होने के बाद एक व्यक्ति की मौत का रहस्य उजागर हो गया. चोर की पहचान आकाश जाधव के रूप में हुई है. उसने सोमवार को चलती ट्रेन में सेल्फी वीडियो बनाते समय एक यात्री का फोन छीनने की कोशिश की.ट्रेन में यात्रा कर रहा जाहिद जैदी सेल्फी वीडियो बना रहा था, उसी दौरान आकाश जाधव ने उसका फोन छीनने की कोशिश की. हालांकि वह फोन नहीं छीन सका लेकिन उसका चेहरा उस सेल्फी वीडियो के जरिए मोबाइल में कैद हो गया. उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर पुलिस से मदद मांगी. वायरल वीडियो को कल्याण रेलवे पुलिस ने देखा और जाधव को गिरफ्तार कर लिया. रेलवे पुलिस अधिकारी पंढरीनाथ कांडे ने कहा,



''मंगलवार को, हमने एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया, जिसके खिलाफ ठाणे में पहले भी मामले दर्ज थे. हमने उसके पास से एक दूसरा मोबाइल फोन बरामद किया.'' उन्होंने बताया कि फिर उन्होंने उससे पूछताछ की कि उसे मोबाइल कहां से मिला. कल्याण में चलती ट्रेन में एक सेल्फी वीडियो की वजह से एक चोर पकड़ा गया. ट्रेन में सेल्फी वीडियो शूट करते समय एक चोर की तस्वीर एक यात्री के मोबाइल में कैद हो गई. उस वीडियो के वायरल होते ही कल्याण रेलवे पुलिस ने चोर आकाश जाधव को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से लूटा हुआ एक महंगा मोबाइल फोन भी बरामद किया है. कल्याण जीआरपी पुलिस के मुताबिक जब उसके बारे में पुछताछ और जांच की गई तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ.

### मोबाल छीनने के दौरान ली यात्री की जान

मोबाइल चोर आकाश जाधव के पास से पुलिस को एक महंगा मोबाइल मिला है. यह मोबाइल फोन बंद था. जब उसे ऑन किया गया तो पता चला कि मोबाइल पुणे में रहने वाले प्रभास भनगे का है. उनकी 25 मार्च की आधी रात को कल्याण विट्ठलवाड़ी रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन से गिरकर मौत हो गई थी. तब तक किसी को पता नही था कि प्रभास की मौत कैसे हुई थी. पूछताछ में पता चला कि चोर आकाश जाधव ने चलती ट्रेन में फटका मार कर वह मोबाइल चुराया था और प्रभास उसी दौरान मोबाइल फोन वापस लेने की कोशिश में ट्रेन से गिर गए और उनकी मौत हो गई. प्रभास भनगे एक सरकारी बैंक में काम करते थे. होली कार्यक्रम के लिए वह पुणे से मुंबई आए थे. जब वह दोबारा पुणे के लिए रवाना हो रहे थे तो कल्याण विट्ठलवाड़ी रेलवे स्टेशन के बीच यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी और उनकी जान चली गई.

# शिवसेना यूबीटी के लोकसभा उम्मीदवार अमोल कीर्तिकर को ईडी का मिला दूसरा समन



**मुंबई:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खिचड़ी घोटाले में पूछताछ के लिए शिवसेना (यूबीटी) के लोकसभा उम्मीदवार अमोल कीर्तिकर को तलब किया है. उन्हें ईडी की ओर से दूसरा समन भेजा गया है. सेना यूबीटी नेता को 8 अप्रैल को पूछताछ के लिए उपस्थित होने के लिए बुलाया गया है।इससे पहले, कीर्तिकर ने बुधवार को खिचड़ी घोटाले में अपनी कथित संलिप्तता के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश होने से छूट का अनुरोध किया था - उसी दिन पार्टी ने उन्हें मुंबई उत्तर-पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित किया था।कीर्तिकर के वकील दिलीप सातले बैलार्ड पियर स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे और एक आवेदन प्रस्तुत किया जिसमें कहा गया कि कीर्तिकर एक निर्धारित प्रतिबद्धता के कारण पूछताछ के लिए उपस्थित होने में असमर्थ हैं।

उन्होंने कहा कि बहुत ही कम समय के नोटिस पर समन जारी किया गया है और अनुरोध किया गया है कि कीर्तिकर को पेश होने के लिए और समय दिया जाए। शिवसेना (यूबीटी) ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए 16 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची की घोषणा की।

ईडी 6.37 करोड़ रुपये के घोटाले की जांच कर रही है, जो महामारी के दौरान किया गया था। आरोप है कि ठगी गई रकम का कुछ हिस्सा कीर्तिकर के खाते में आया था। पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने पिछले अक्टूबर में कीर्तिकर का बयान दर्ज किया था।हाल ही में ईडी ने खिचड़ी घोटाले में शिवसेना यूबीटी सचिव सूरज चव्हाण, बीएमसी अधिकारियों और करीबी सहयोगियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। इस महीने की शुरूआत में, प्रवर्तन निदेशालय ने सूरज चव्हाण की 88.51 लाख रुपये की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया था, जिसमें मुंबई में एक आवासीय फ्लैट और रत्नागिरी में कृषि भूमि का एक पार्सल शामिल था।

ईडी ने शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राऊत के भाई संदीप राऊत का भी बयान दर्ज किया। आरोप है कि संदीप राउत को घोटाले में फंसी कंपनियों से जुड़े अपने खाते में भी धन प्राप्त हुआ। स'ाद्रि रिफ्रेशमेंट ने कथित तौर पर बीएमसी से प्राप्त भुगतान का एक हिस्सा संजय राउत के परिवार के सदस्यों के खाते में भेज दिया, जिसमें उनके भाई संदीप राउत भी शामिल थे।

# भाजपा की लोकसभा उम्मीदवार नवनीत राणा ने अपने पति रवि राणा के साथ उपमुख्यमंत्री से की मुलाकात

**मुंबई :** अमरावती से भाजपा की लोकसभा उम्मीदवार नवनीत राणा ने अपने पति रवि राणा के साथ उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस से मुलाकात की। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की एक विज्ञप्ति के अनुसार, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले और उपमुख्यमंत्री फड़नवीस नवनीत राणा के साथ होंगे, जब वह 4 अप्रैल को सुबह 9 बजे अमरावती में लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इससे पहले दिन में, मौजूदा निर्दलीय सांसद नवनीत नागपुर में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बावनकुले की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा में शामिल होने के बाद नवनीत ने उनकी कड़ी मेहनत का सम्मान करने के लिए पार्टी को धन्यवाद दिया और कहा कि वह एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में काम करेंगी।



''पिछले पांच वर्षों से, मैं प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को आगे बढ़ाने पर काम कर रहा था। मेरी विचारधारा अलग नहीं थी। मेरे पति, विधायक रवि राणा ने भी महाराष्ट्र में भाजपा सरकार का समर्थन किया था। पीएम मोदी जमीनी स्तर पर काम करने वालों का समर्थन करते हैं। नवनीत ने कहा, ''उन्होंने मुझे टिकट दिया। भाजपा ने मेरी कड़ी मेहनत का सम्मान किया है और हम 400 सीटें पार करने के अपने संकल्प को पूरा करेंगे। मैं भाजपा के एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में काम करूंगा।''

2019 के लोकसभा चुनाव में नवनीत अमरावती से निर्दलीय सांसद चुनी गईं। बीजेपी नेता रवि राणा से शादी के बाद नवनीत ने राजनीति में कदम रखा। 2014 में, वह एनसीपी के मंच पर अमरावती से अपना पहला चुनाव लड़ीं, लेकिन उनकी पहली चुनावी लड़ाई हार में समाप्त हुई। बाद में, एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में निचले सदन की एक सीट के लिए दौड़ते हुए, वह अमरावती से सांसद चुनी गईं। 48 लोकसभा सीटों के साथ, महाराष्ट्र उत्तर प्रदेश के बाद दूसरे सबसे ज्यादा विधायकों को निचले सदन में भेजता है। महाराष्ट्र के 48 संसदीय क्षेत्रों में चुनाव पांच चरणों - 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई और 20 मई को होंगे। 2019 के चुनावों में, भाजपा ने जिन 25 सीटों पर चुनाव लड़ा, उनमें से 23 पर जीत हासिल की, जबकि अविभाजित शिवसेना ने जिन 23 सीटों पर चुनाव लड़ा, उनमें से 18 सीटें हासिल कीं। 2014 में, भाजपा ने 23 सीटें और शिवसेना ने 18 सीटें जीतीं।



# सरकारी संस्थानों का साढ़े आठ करोड़ बिजली बिल बकाया... महावितरण को वित्तीय झटका !

**वसई:** वसई विरार शहर के सरकारी अस्पतालों, पुलिस स्टेशनों, ग्राम पंचायतों, नगर पालिकाओं, स्कूलों, सार्वजनिक सेवाओं पर लगभग साढ़े आठ करोड़ रुपये का बिजली भुगतान बकाया है। इसका आर्थिक असर महावितरण पर पड़ना शुरू हो गया है. वसई विरार में बिजली की आपूर्ति वसई मंडल के अंतर्गत की जाती है। इसमें आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ सरकारी अस्पतालों, पुलिस स्टेशनों, स्कूलों, सार्वजनिक सेवाओं जैसे नगर निगम ग्राम पंचायत जल आपूर्ति और स्ट्रीट लाइट और अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों को बिजली की आपूर्ति की जा रही है। महावितरण द्वारा। हालाँकि, इन सरकारी प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक सेवा ने महावितरण के बिजली बिल का भुगतान नहीं किया है, महावितरण पर बकाया बना हुआ है।

वर्तमान में, मार्च के अंत से, महावितरण ने बिजली भुगतान का बकाया वसूलना शुरू कर दिया है। जिन लोगों के पास बड़ी मात्रा में बिजली भुगतान है, उन्हें बिजली आपूर्ति करने का अभियान समाप्त हो गया है। वसई मंडल में, महावितरण




पर 44 करोड़ का बकाया है। महावितरण ने जानकारी दी है कि उस राशि में से साढ़े आठ करोड़ रुपये सरकारी प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक सेवाओं के लिए हैं. इसमें 45 पुलिस स्टेशन, 239 स्कूल, 26 अस्पताल, 221 नगरपालिका जल आपूर्ति, 800 नगरपालिका स्ट्रीट लाइट, 25 ग्राम पंचायत जल आपूर्ति, 80 ग्राम पंचायत स्ट्रीट लाइट, 590 अन्य ऐसे 2 हजार 26 उपभोक्ता सरकारी और सार्वजनिक सेवा में हैं। बिजली भुगतान की राशि 8 करोड़ 48 लाख रुपये. बड़ी मात्रा में बिजली भुगतान बकाया होने के कारण इसका वित्तीय असर महावितरण पर पड़ने लगा है। इसलिए महावितरण के सामने इस बकाया राशि की वसूली की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है.

**ग्राहकों का 44 करोड़ बकाया**

मुख्य अभियंता से लेकर लोक सेवक समेत सभी स्तर के अधिकारी, अभियंता और कर्मचारी बढ़ते तापमान में भी बकाया वसूली के लिए आगे आये हैं. वसई और विरार डिविजन को मिलाकर वसई मंडल के 92 हजार 427 उपभोक्ताओं पर 44 करोड़ 95 लाख रुपए का बिजली भुगतान बकाया है। महावितरण के अधिकारियों ने कहा है कि हम उन लोगों की बिजली आपूर्ति काट देंगे जो अपने बिल का भुगतान नहीं करेंगे।

### बिजली कटौती की चेतावनी !

**इस सरकारी विभाग को बिजली बिल का भुगतान कर महावितरण में सहयोग करने का निर्देश दिया गया है. हालांकि, बिजली बिल का भुगतान नहीं होने के कारण महावितरण की बड़ी राशि बकाया रहेगी. इसलिए, महावितरण ने चेतावनी दी है कि अगर बिजली भुगतान का भुगतान नहीं किया गया तो बिजली आपूर्ति काट दी जाएगी।**

### ऐसी है बकाया रकम

**थाना– 22 लाख 46 हजार**
**स्कूल 28 लाख 66 हजार**
**अस्पताल 2 लाख 89 हजार**
**नगर निगम जलापूर्ति– 69 लाख 93 हजार**
**नगर निगम स्ट्रीट लाइट– 3 करोड़ 84 लाख**
**ग्राम पंचायत जलप्रदाय 15 लाख 73 हजार**
**ग्राम पंचायत स्ट्रीट लाइट– 1 करोड़ 46 लाख**
**अन्य सरकारी सेवाएँ 1 करोड़ 72 लाख**

# महाराष्ट्र में परीक्षा के दौरान उत्तर पुस्तिका न दिखाना छात्र को पड़ा भारी... तीन सहपाठियों ने चाकू से किया हमला

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी इलाके में दसवीं कक्षा की लिखित परीक्षा के दौरान उत्तर-पुस्तिका न दिखाने पर तीन छात्रों ने अपने सहपाठी पर कथित तौर पर चाकू से हमला कर दिया. पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि मंगलवार को विद्यालय में परीक्षा के बाद यह घटना हुई. घायल छात्र को इलाज के लिए एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया.

एक पुलिस अधिकारी ने बताया, ''परीक्षा के दौरान पीड़ित छात्र ने आरोपी छात्रों को अपनी उत्तर-पुस्तिका दिखाने से इनकार कर दिया था. इससे



गुस्साए तीन छात्रों ने परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते ही उसे पकड़ लिया और उसकी पिटाई की. उन्होंने उस पर चाकू से भी हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया.'' उन्होंने कहा कि बाद में उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी. तीन नाबालिग आरोपियों के खिलाफ भिवंडी के शांति नगर पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 324 (जानबूझकर खतरनाक हथियार या अन्य साधनों से चोट पहुंचाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है.

**पुणे में छात्र पर हमला**

एक अन्य घटना में, एक 24 वर्षीय प्रबंधन छात्र पर एक अज्ञात व्यक्ति ने उस समय हमला किया, जब वह अपने छात्रावास के कमरे में सो रहा था. इस हमले के कारण छात्र का हाथ जल गया. रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना रविवार देर शाम रेंज हिल इलाके में स्थित शिक्षा संस्थान की छात्रावास सुविधा में हुई. कॉलेज अधिकारियों ने एक शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की धारा 326 ए (तेजाब के इस्तेमाल से जानबूझकर गंभीर चोट पहुंचाना) के तहत मामला दर्ज किया.

# पानी का बिल जमा करने की आखिरी तारीख 31 मार्च...

## भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं का कनेक्शन एक अप्रैल से काटना शुरू



**ठाणे:** ठाणे नगर निगम ने आखिरकार उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करना शुरू कर दिया है जो बिलों को 'आगे बढ़ाने' के लिए धो-धो पानी का उपयोग करते हैं। जलदाय विभाग द्वारा अप्रैल-2023 से मार्च-2024 तक 4 हजार 430 नल कनेक्शन तोड़े गये हैं। पानी का बिल जमा करने की आखिरी तारीख 31 मार्च है. बकाया और चालू बिल का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं का कनेक्शन एक अप्रैल से काटना शुरू कर दिया जाएगा।

ठाणे नगर पालिका को वित्तीय वर्ष 2023-24 में 201 करोड़ रुपये का जल बकाया वसूलने की उम्मीद है। अब तक 114 करोड़ की वसूली हो चुकी है. जिन ग्राहकों पर बकाया है; साथ ही प्रशासन ने उन लोगों से अपील की है जिन्होंने चालू वर्ष का जल भुगतान जमा नहीं किया है, वे 31 मार्च तक सभी भुगतान जमा कर नगर निगम को सहयोग करें. जो घरेलू जल कनेक्शन धारक अपना बकाया जल बिल चालू वर्ष के बिल के साथ 31 मार्च तक जमा करा देंगे, उन्हें बकाया बिल पर प्रशासनिक शुल्क से 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। यह योजना उन लोगों के लिए है जिन्होंने अपना भुगतान पहले ही जमा कर दिया है; व्यावसायिक कनेक्शन धारकों के लिए भी यह लागू नहीं है।

### जल शुल्क की वसूली तालिका...

**वार्ड समिति टूटे नलों का प्रतिशत**

1. मुंब्रा – 905 50.62
2. कॉल करें – 796 55.33
3. नौपाडा–कोपरी – 682 61.43
4. वागले – 660 39.81
5. दिवा – 553 36.85
6. लोकमान्य–सावरकर नगर – 398 65.97
7. उथला – 283 64.24
8. वर्तकनगर – 89 71.58
9. मजीवाडा–मनपाडा – 64 66.61
10. कुल – 4430 56.61

# थाईलैंड में अच्छी तनख्वाह वाली नौकरियों का लालच, हेल्प सेंटर के जरिए साइबर ठगी

**मुंबई:** अपराध शाखा ने कथित तौर पर भारतीय युवाओं को अवैध रूप से लाओस ले जाने और उन्हें थाईलैंड में अच्छी तनख्वाह वाली नौकरियों का लालच देकर एक अवैध सहायता केंद्र में काम करने के लिए मजबूर करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। वहां के हेल्प सेंटर के जरिए अमेरिका, यूरोप और कनाडा के नागरिकों से साइबर ठगी की जा रही थी. वहां फंसे युवकों ने स्थानीय भारतीय वकील से शिकायत की, जिसके बाद इन युवकों को रिहा किया गया.

शिकायतकर्ता तारुन थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उनकी शिकायत के आधार पर लाओस के जेरी जैकब, गॉड फ्री और सनी के खिलाफ विलेपार्ले पुलिस स्टेशन में जान से मारने की धमकी




देने, रंगदारी वसूलने, शरण देने और धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में अपराध शाखा के कक्ष 8 के प्रभारी पुलिस निरीक्षक लक्ष्मीकांत सालुंखे के मार्गदर्शन में जांच के बाद जेरी जैकब (46) और गॉड फ्री अल्वारेस (39) को गिरफ्तार किया गया. शिकायतकर्ता का एक रिश्तेदार विलेपार्ले के एक फाइव स्टार होटल में काम करता था। उनके माध्यम से, शिकायतकर्ता को उन दलालों से मिलवाया गया जो विदेश में कार्यरत थे। उन्होंने थाईलैंड में नौकरी का लालच दिखाकर शिकायतकर्ता से 30 हजार रुपये ले लिये. फिर उसे थाईलैंड भेज दिया गया. वहां से शिकायतकर्ता और अवैध रूप से वहां गए अन्य भारतीय युवकों को नाव से लाओस ले जाया गया। वहां इन युवाओं को एक सहायता केंद्र में काम करने के लिए मजबूर किया गया जहां उन्हें कार्य देने के नाम पर साइबर धोखाधड़ी की गई। वहां करीब 30 भारतीय युवक काम कर रहे थे. उन पर दमनकारी शर्तें थोप दी गईं और उनका वेतन काट लिया गया. सामान्य पूछताछ से तंग आकर युवक ने वहां भारतीय वकील से संपर्क किया और उन्हें इस बारे में बताया। इसके बाद आरोपी ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया।

### बिजली बिल भुगतान केंद्र अवकाश के दिन भी खुला रहेगा

**कल्याण:** ग्राहकों के लिए बिजली बिल का भुगतान करना आसान बनाने के लिए बिजली बिल भुगतान केंद्र मार्च के अंत तक छुट्टियों के दिन भी खुले रहेंगे. तदनुसार, कल्याण परिमंडल के अंतर्गत सभी अधिकृत बिजली बिल भुगतान केंद्र शुक्रवार, शनिवार और रविवार (29 से 31 मार्च) को अवकाश के दिन खुले रहेंगे। महावितरण बिजली उपभोक्ताओं से अपील कर रही है कि वे उपलब्ध सुविधा का लाभ उठाकर अपने वर्तमान बिजली बिल के साथ बकाया राशि का भुगतान करके सहयोग करें। वित्तीय वर्ष के अंत तक बिजली बिल का बकाया कम करने के लिए बकायेदारों की बिजली आपूर्ति में कटौती करने का धड़क अभियान कल्याण परिमंदा में चल रहा है।




# मेट्रो ठेकेदारों पर 375 करोड़ रुपये का संपत्ति कर बकाया है...

# मुंबई नगर निगम ने बकायादारों को नोटिस जारी किया

**मुंबई: मुंबई शहर और उपनगरों में मेट्रो रेल का काम चल रहा है और इस काम के लिए नियुक्त ठेकेदारों ने मुंबई नगर निगम को 375 करोड़ रुपये का संपत्ति कर चुकाया है. नगर निगम प्रशासन ने पिछले सप्ताह मेट्रो के चार ठेकेदारों को संपत्ति कर का बकाया भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया है। इन ठेकेदारों के साथ ही पांच अन्य बड़े बकाएदारों को भी नोटिस जारी किया गया है।**




मुंबई में जगह-जगह मेट्रो का काम चल रहा है. कास्टिंग यार्ड प्लॉट का संपत्ति कर नहीं चुकाए जाने के कारण नगर निगम प्रशासन ने यह नोटिस जारी किया है. समझौते के अनुसार इस संपत्ति कर का भुगतान करने की जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदारों की है। एचसीसी - एमएमसी, मेसर्स सीईसी - आईटीडी, मेसर्स डोगा सोमा और मेसर्स एल. जिन्होंने संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया। और टी। नगर निगम ने ठेकेदार स्टेक पर नोटिस जारी किया है। नगर निगम ने यह नोटिस 19 मार्च को जारी किया है और नगर निगम प्रशासन ने बताया कि मूल्यांकन और संग्रह विभाग निर्धारित अवधि के भीतर संपत्ति कर का भुगतान करने के लिए कार्रवाई कर रहा है।

नगर निगम प्रशासन ने मेट्रो ठेकेदारों के साथ-साथ बड़ी संपत्ति रखने वाले बकाएदारों को भी नोटिस जारी किया है। मुंबई में जगह-जगह मेट्रो का काम चल रहा है. कास्टिंग यार्ड प्लॉट का संपत्ति कर नहीं चुकाए जाने के कारण नगर निगम प्रशासन ने यह नोटिस जारी किया है.

## मेट्रो ठेकेदारों द्वारा देय संपत्ति कर

1. मेसर्स एचसीसी एमएमसी (एफ नॉर्थ डिवीजन) – 98 करोड़ 92 लाख 41 हजार 241 रुपये
2. मेसर्स डोगा सोमा (एफ नॉर्थ डिवीजन) – 94 करोड़ 39 लाख 81 हजार 421 रुपये)
3. मेसर्स एल एंड टी स्टेक (एफ नॉर्थ डिवीजन) – 82 करोड़ 12 लाख 84 हजार 714 रुपये
4. मेसर्स एचसीसी एमएमसी (एफ नॉर्थ डिवीजन) – 4 करोड़ 7 लाख 63 हजार 419 रुपये
5. मेसर्स सीईसी – आईटीडी (एफ नॉर्थ डिवीजन) – 95 करोड़ 60 लाख 7 हजार 443 रुपये

## अन्य बकाया

1. निर्मल लाइफस्टाइल (टी डिवीजन)– 40 करोड़ 65 लाख 83 हजार 785 रुपये
2. जे कुमार इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लिमिटेड (पी नॉर्थ डिविजन) 16 करोड़ 30 लाख 25 हजार 432 रुपए
3. रॉयल रियल्टर्स (पी नॉर्थ डिवीजन) – 4 करोड़ 44 लाख 48 हजार 120 रुपये
4. लीगल रियलटर्स (नॉर्थ डिविजन) – 16 करोड़ 95 लाख 8 हजार 919 रुपये
5. राधा कंस्ट्रक्शन (पी नॉर्थ डिविजन)– 2 करोड़ 90 लाख 74 हजार 38

# महाराष्ट्र के मंत्री दिलीप वाल्से पाटिल घर में फिसलकर गिरे, आईं गंभीर चोटें, अस्पताल में भर्ती



**मुंबई** : महाराष्ट्र के मंत्री दिलीप वाल्से पाटिल ने गुरुवार को कहा कि वह अपने घर में गिरने के बाद घायल हो गए. उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार रात अपने घर पर फिसलने के बाद मेरी बायीं जांघ की हड्डी टूट गई और मेरी दाहिनी कलाई की हड्डी टूट गई. हालत स्थिर है. डॉक्टरों की सलाह के बाद जल्द ही सर्जरी की जाएगी. दिलीप वाल्से पाटिल ने बताया कि हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज अडकर और हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सदानंद राव ने मुझे आने वाले दिनों में आराम करने की सलाह दी है. वरिष्ठ एनसीपी नेता ने कहा कि मैं जल्द ही उनकी देखरेख में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती हो जाऊंगा.

**चुनाव के दौरान दिलीप वाल्से के घायल होने से बढ़ी चिंता**

बता दें कि महाविकास अघाड़ी सरकार के दौरान दिलीप वाल्से पाटिल प्रदेश के गृह मंत्री भी थे. पुणे जिले में उनकी पकड़ मानी जाती है. वे अंबेगांव विधानसभा सीट से 6 बार विधायक चुने जा चुके हैं. अब लोकसभा चुनाव के बीच दिलीप वाल्से पाटिल के घायल हो जाने से पार्टी में चिंता का माहौल है. पार्टी नेता कार्यकर्ता उनके जल्द ठीक होने की प्रार्थना कर रहे हैं. दिलीप वाल्से पाटिल पर शिरूर लोकसभा सीट की बड़ी जिम्मेदारी है.

शिरूर लोकसभा सीट पर एनसीपी शरद पवार की पार्टी के उम्मीदवार अमोल कोल्हे और अजित पवार की पार्टी के उम्मीदवार शिवाजी अधराव पाटिल के बीच सीधी टक्कर है. वरिष्ठ नेता होने की वजह से अजीत पवार की तरफ से दिलीप वाल्से पाटिल को अधराव पाटिल के चुनाव प्रचार अभियान की कमान सौंपी हुई है. इससे चुनाव प्रचार पर जरूर असर पड़ने वाला है. शिवाजी अधराव पाटिल के प्रचार में दिलीप वाल्से पाटिल की मौजूदगी से जरूर फायदा मिल सकता है. अभी तीन दिन पहले ही पार्टी प्रमुख अजित पवार की मौजूदगी में प्रचार अभियान की शुरूआत की गई थी.

# चार दिनों में 382 शराबियों के खिलाफ कार्रवाई

**ठाणे:** होली की पूर्व संध्या पर, पुलिस ने ठाणे शहर परिवहन विभाग के अधिकार क्षेत्र के तहत 18 इकाइयों में छापेमारी की। इसलिए ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों ने कमर कस ली है. ट्रैफिक पुलिस ने चार दिनों में 8 हजार 319 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की. इसमें बिना हेलमेट वाहन चलाना, शराब पीकर वाहन चलाना, क्षमता से अधिक सवारी बैठाना आदि शामिल है। 40 ब्रेथ एनालाइजर से जांच कर 382 लोगों पर कार्रवाई की गयी. ट्रैफिक शाखा की टीम ने ठाणे, भिवंडी, कल्याण और उल्हासनगर इलाके में कार्रवाई कर 8 हजार 300 का आंकड़ा पार कर लिया. सोमवार (25 तारीख) को धुलवाड़ी के दिन 3000 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई. शराबियों की संख्या 382 थी. ट्रिपल सीट कानून का उल्लंघन कर हेलमेट नहीं पहनने वाले 86 वाहन चालकों और 5 हजार 117 बाइक सवारों पर कार्रवाई की गयी.

# क्लीनअप मार्शल टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी... 54 कंपनियों के टेंडर रद्द




**अंधेरी:** मुंबई नगर निगम की क्लीनअप मार्शल टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी हुई है. इसमें 2020 में क्लीनअप मार्शल प्रक्रिया में शामिल 54 कंपनियों के टेंडर रद्द कर दिए गए और उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया. हालाँकि, ये कंपनियाँ वर्ष 2024 में योग्य हुईं। सूचना अधिकार कार्यकर्ता फूलचंद उबाले ने मांग की है कि गड़बड़ी हुई है और इसकी जांच होनी चाहिए. सूचना अधिकार कार्यकर्ता उबले का कहना है कि मुंबई निगम प्रशासन क्लीनअप मार्शल टेंडर के बारे में गलत जानकारी दे रहा है. इसमें निविदा की मंजूरी शामिल है, पात्र कंपनी से पांच लाख की सुरक्षा जमा राशि विधिवत ली जाती है। हालांकि, उन्होंने यह भी पूछा है कि जिस कंपनी का टेंडर स्वीकृत किया गया, उससे सिक्योरिटी राशि किस नियम के आधार पर ली गयी. उन्होंने सवाल किया है कि क्या पात्र कंपनियों द्वारा दिखाए गए करोड़ों के हिसाब-किताब सही हैं या फिर प्रशासन ने इस बारे में आयकर विभाग से पूछताछ की है। इसलिए उबाले ने मांग की है कि इस प्रक्रिया को रद्द कर लागू किया जाए और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए.

वरिष्ठ स्तर से निर्णय

उन्हें क्लीनअप मार्शल्ड टेंडर प्रक्रिया के खिलाफ अपील करनी चाहिए। इस संबंध में प्रशासन ने निर्णय ले लिया है. यह यह निर्धारित करके किया जाने वाला निर्णय है कि कौन पात्र है और कौन अपात्र है। यह सच है कि हमने कोई कागजात गलत नहीं दिया है. इस मामले को लेकर बेवजह भ्रम पैदा करने की कोशिश की जा रही है. वरिष्ठ स्तर पर निर्णय लिया गया है. हमने टेंडर नहीं निकाला है. सी डिवीजन के सहायक आयुक्त उद्धव चंदनशिवे ने कहा, वही टेंडर पांच लाख का है।

# पनवेल पुणे राजमार्ग पर एक महिला सर्विस बार के प्रबंधक को धमकी... फर्जी पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**पनवेल:** पनवेल शहर पुलिस ने फर्जी पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया, जिसने पुराने पनवेल पुणे राजमार्ग पर एक महिला सर्विस बार के प्रबंधक को धमकी दी थी। 31 साल के इस फर्जी पुलिसकर्मी का नाम सलमान मुलानी है और वह मूल रूप से पुणे के चाकन का रहने वाला है। सलमान की गर्लफ्रेंड बार में काम करती है। पुलिस जांच में पता चला कि उसने अपनी गर्लफ्रेंड को उसके मैनेजर द्वारा नौकरी से निकाले जाने के बाद उसे प्रभावित करने के लिए यह झूठ बोला था।

जब वह इसका जवाब नहीं दे पाया कि सलमान किस बैच से पुलिसकर्मी बना है तो पुलिस को उसके फजीर्वाड़े का पता चल गया। इस मामले में सलमान के खिलाफ पनवेल सिटी



पुलिस स्टेशन में बाकायदा केस दर्ज किया गया है. बुधवार रात आठ बजे सलमान पलास्पे फाटा में गोल्ड डिगर नामक बार लेडीज ऑर्केस्ट्रा में पुलिस अधिकारी की वेशभूषा में बार मैनेजर सुरेश गुप्ता के पास पहुंचा। सलमान ने सुरेश को धमकी दी। यह पूछते हुए कि सलमान की गर्लफ्रेंड को काम से क्यों निकाला गया, सलमान ने सुरेश का अपमान किया और सुरेश के कान में मारा। जबकि सलमान सुरेश की पिटाई करते हैं, वह तुरंत अपनी प्रेमिका को काम पर वापस ले जाते हैं और उसके वेतन का हिसाब देने की व्यवस्था करते हैं। पुलिस को दी गई शिकायत में सुरेश ने कहा है कि अगर उसने उस दोस्त की सैलरी तुरंत नहीं दी तो सुरेश को होटल बंद करने की धमकी भी दी गई. यहां तक कि पिटाई से गुस्साए सुरेश ने पनवेल सिटी पुलिस से संपर्क कर कुछ ही मिनट में सलमान के पास शिकायत दर्ज कराने पहुंच गए।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com